आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 16.07.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- लोकपर्व हरेला पर आज उत्तराखंड रचेगा नया कीर्तिमान, एक ही दिन में प्रदेश में पांच लाख पौधे रोपे जाएंगे।
- विद्यालयी शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत एक हजार 556 संविदा पदों को एक माह के भीतर आउटसोर्स के माध्यम से भरने के निर्देश।
- पिथौरागढ़ जिले में भण्डारीगांव के समीप एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक ही गांव के आठ लोगों की मृत्यु, छह अन्य घायल।
- **और,** राज्य की बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों को ग्रोथ सेंटर के रूप में विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ा जाएगा।

**हरेला**

उत्तराखंड आज हरेला लोकपर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में आज पांच लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। यह आयोजन ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत हो रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जन–जागरूकता के साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी बढ़ावा देना है।

प्रदेश सरकार द्वारा ''हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ'' थीम पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत गढ़वाल मंडल में तीन लाख और कुमाऊं मंडल में दो लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

इस राज्यव्यापी पौधारोपण कार्यक्रम में स्थानीय निकायों, वन पंचायतों, महिला समूहों, स्कूली बच्चों और स्वयंसेवी संगठनों को जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, हरेला उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपरा का पर्व है, जो हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और संरक्षण का संदेश देता है।

**भर्ती प्रक्रिया**

प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सैकड़ों युवाओं को शीघ्र रोजगार मिलने जा रहा है। विभाग, समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत एक हजार 556 संविदा पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरने जा रहा है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को एक माह के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा मंत्री ने देहरादून स्थित अपने आवास पर समग्र शिक्षा योजना की समीक्षा बैठक में बताया कि शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से इन रिक्त पदों को मैरिट के आधार पर भरा जाएगा। प्रयाग पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी का चयन कर लिया गया है।

डॉक्टर रावत ने यह भी बताया कि बीआरपी और सीआरपी के 955 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है और पंचायत चुनाव के आचार संहिता समाप्त होते ही चयनित अभ्यर्थियों को तैनाती दे दी जाएगी। आउटसोर्स एजेंसी को पारदर्शी तरीके से काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यटन विभाग की 'गेम चेंजर योजनाओं' की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान पर्यटन नीति–2023 के तहत निजी निवेश, ग्रामीण पर्यटन और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति लागू होने के बाद हुए निजी निवेश, एमओयू की स्थिति और जमीन पर हुई प्रगति का पूरा विवरण प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने पर्यटन को स्थानीय रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और पलायन रोकने का माध्यम बताते हुए शीतकालीन पर्यटन के प्रचार, यात्री सुविधाओं में सुधार और नए पर्यटन स्थल विकसित करने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में होम स्टे बढ़ाने, तकनीकी और वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने और ट्रैकिंग रूट के पास स्वरोजगार बढ़ाने के लिए 'ट्रैकिंग ट्रैक्शन सेंटर होम–स्टे अनुदान योजना' को तेजी से लागू करने को कहा। उन्होंने 'वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना' की समीक्षा करते हुए युवाओं को समय पर ऋण और अनुदान देने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा, चंपावत, घोड़ाखाल में गोल्जू कॉरिडोर मास्टर प्लान के तहत कार्य शुरू करने और रुद्रप्रयाग के धार्मिक स्थलों को एकीकृत पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

## नशा विरोधी अभियान

देहरादून में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में नशा विरोधी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने राजधानी देहरादून के तकनीकी, मेडिकल और उच्च शिक्षण संस्थानों में चल रहे नशा मुक्ति अभियान की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि केवल मुख़बिर की सूचनाओं पर निर्भर न रहते हुए, संबंधित क्षेत्रों में सक्रियता दिखाते हुए अपनाते हुए छापेमारी की जाए। शैक्षणिक संस्थानों और उनके आसपास के रेस्टोरेंट, ढाबों आदि पर औचक निरीक्षण कर संदिग्धों की सैंपलिंग और मेडिकल जांच करने को भी कहा गया है।

मुख्य सचिव ने एनडीपीएस एक्ट के तहत संस्थानों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए निर्देश दिया कि जो संस्थान नशा विरोधी अभियान में लापरवाही बरतते हैं, उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## सड़क हादसा

पिथौरागढ़ जिले में कल शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक ही गांव के आठ लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। दुर्घटना देवलथल तहसील के भण्डारीगांव के पास पिथौरागढ़–थल मुवानी मोटर मार्ग पर हुई, जहां एक वाहन अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया।

सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सभी मृतकों और घायलों को खाई से बाहर निकाला गया। घायलों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुवानी ले जाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने सड़क दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायलों को पचास हजार रुपए देने की घोषणा की। राज्य सरकार भी मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपए और घायलों को पचास हजार रुपए की सहायता प्रदान करेगी।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

## ग्रोथ सेंटर

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों को ग्रोथ सेंटर के रूप में विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इससे लाभार्थियों को अधिक सेवाएं एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो सकेंगी।

देहरादून में आयोजित सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने कंप्यूटरीकरण से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने और संचालित योजनाओं में नवाचार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

उन्होंने राज्य की 672 बहुउद्देशीय समितियों और 331 सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम से अल्पकालीन और मध्यकालीन ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों, कृषक समूहों और स्वयं सहायता समूहों को लाभ मिल सके।

## भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उत्तराखंड में एम्स ऋषिकेश द्वारा संचालित एयर एम्बुलेंस सेवा के विस्तार और पर्वतीय व दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं के लिए एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में दो नए मेडिकल कॉलेज– जगजीवन राम मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ और पण्डित राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शैक्षणिक सत्र 2026–27 से शिक्षण कार्य शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से अनुमति मांगी जाएगी। उन्होंने टिहरी में टीएचडीसी के सहयोग से बन रहे मेडिकल कॉलेज के लिए भी केंद्र से मंजूरी की मांग की।

मुख्यमंत्री ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना और संचालन के लिए भारत सरकार से तत्काल सहायता का आग्रह किया, जिसे उन्होंने चारधाम यात्रा और पर्वतीय क्षेत्रों में यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से अहम बताया।
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष से वापसी की खबर को सभी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने लिखा है— सितारे छूकर लौटे शुभांशु। धरा पर शुभ आगमन से हर्षित भारत का मन, दैनिक जागरण की ख़बर है।
टीबी उन्मूलन पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हवाले से लिखा है—टीबी उन्मूलन जनभागीदारी से ही संभव। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के समाचार अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा और हिन्दुस्तान ने प्रकाशित किए हैं।